तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026



एनर्जी कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 में हरियाणा की टीम बनी चैंपियन





## खबर संक्षेप

### 35 लीटर महुआ शराब जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी वृत्त खरसिया और रायगढ़ उत्तर की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 35.200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। विभाग को मिली शिकायत के आधार पर अलग.अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब की कुल कीमत 7040 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान खरसिया क्षेत्र से आरोपी राजू सिदार के कब्जे से 10.200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। वहीं रायगढ़ उत्तर क्षेत्र में राहुल तिवारी से 15 लीटर और सुरज यादव से 10 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34,2 एवं 59, क के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आबकारी विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की आकस्मिक मृत्यु होने के फलस्वरूप प्रशासन द्वारा मृतकों के निकटतम वारिसानों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रकरणों की जांच एवं तहसीलदार की अनुशंसा के उपरांत पात्रता के आधार पर प्रत्येक मृतक के परिजन को 25-25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील रायगढ़ अंतर्गत 21 मई 2025 को सड़क दुर्घटना में ग्राम.पटेलपाली निवासी पंकज महंत एवं 18 दिसम्बर 2025 को ग्राम.पुटकापुरी निवासी श्रीमती सेवती महंत की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी।

### कोंडतराई समपार फाटक रहेगी बंद

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत किरोड़ीमल नगर-भूपदेवपुर स्टेशनों के मध्य किमी 599/17.19 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 297 कोंडतराई फाटक को 13 अप्रैल शाम 06 बजे से 14 अप्रैल सुबह 06 बजे तक बीसीएम डीप स्क्रीनिंग कार्य मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही स्थित समपार संख्या 298 बेल्लारी फाटक से उपलब्ध है। रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है एवं सहयोग की आशा करता है।

### केबल तार और एंगल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** खरसिया चौकी पुलिस ने वेयरहाउस से केबल तार और लोहे के एंगल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिकए मौहापाली रोड खरसिया निवासी अंकित कुमार अग्रवाल 32 ने 25 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि गौशाला रोड स्थित उनके वेयरहाउस से 23 मार्च की रात अज्ञात व्यक्ति ने केबल तार, लोहे के एंगल और कांटेदार तार चोरी कर लिए। इस घटना से पहले भी इसी तरह की चोरी हो चुकी थीए जिससे उन्हें करीब 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान 12 अप्रैल को पुलिस ने संदेह के आधार पर हेमंत कुमार कुर्रे 25 निवासी मौहापाली को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया केबल तार बरामद कर लिया है। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# पेसा के पेच में फंसा मास्टर प्लान: लैलूंगा-धरमजयगढ़ का विकास अधर में


प्रतीक मिश्रा ⏭ रायगढ़

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में पेसा कानून को मंजूरी मिलने के बाद सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, उद्योगों के फैसले ग्राम सभाओं के भरोसे हो गए हैं। इसी क्रम में रायगढ़ जिले के लैलूंगा और धरमजयगढ़ मास्टर प्लान पर भी ब्रेक लग गया है। दरअसल मास्टर प्लान में नजदीकी गांवों को शामिल करने ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य है। इसके अलावा नियम कायदों का पेंच अलग। ऐसी स्थिति में दो साल बाद भी इन शहरों के मास्टर प्लान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है।

पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग की ओर से भी प्रक्रिया अटकी हुई है। जिसमें लंबा वक्त लगने की बात कही जा रही है। जबकि इन दोनों जगहों के विकास के लिए ग्राम सभा की अनुमति मिलने के बाद ही रोडमैप बनाकर मास्टर प्लान तैयार किया जा सकता है और तभी यह विधिवत रूप से लागू माना जाएगा। ज्ञात हो कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल में कैबिनेट की बैठक में पेसा कानून पर मुहर लगाई थी। इस फैसले का असर रायगढ़ सहित बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर और कांकेर लोकसभा क्षेत्र समेत 30 विधानसभा क्षेत्रों पर हुआ। वहीं 32 फीसदी आबादी यानी 80 लाख जनसंख्या वाले 85 जनपद पंचायतों में आदिवासियों का दबदबा है। पेसा एक्ट 5वीं अनुसूची में शामिल अनुसूचित क्षेत्रों के लिए है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के विकास कार्य जैसे राजस्व, उद्योग, वन, बिजली, पानी या सड़क हो, ग्राम सभा की अनुमति के बाद ही प्रारंभ हो सकेंगे। यानी ग्राम सभा की अनुमति के बाद ही ग्राम पंचायत इस पर अपना फैसला सुना सकती है। बहरहाल पेसा के पेंच में लैलूंगा और धरमजयगढ का मास्टर प्लान अटक गया है। अभी इन क्षेत्रों को अपने योजनाबद्ध विकास के लिए और इंतजार करना होगा।

### 2 साल बाद भी न कोई रोडमैप बना और ना ही कोई योजना




**कागजी कार्रवाई के अलावा ग्रामसभा के फैसले पर टिकी पूरी प्रक्रिया**

### पेसा एक्ट ने ग्रामसभाओं का बढ़ाया अधिकार

ज्ञात हो कि पेसा कानून लागू होते ही ग्रामसभा का अधिकार बढ़ गया है। पेसा ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं की मंजूरी देने और सभी सामाजिक क्षेत्रों को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अधिकार देता है। इसमें नीतियों को लागू करने वाली प्रक्रियाएं और कर्मी, वन संसाधनों, लघु जल निकायों और लघु खनिजों पर नियंत्रण रखने, स्थानीय बाजारों का प्रबंधन, भूमि के अलगाव को रोकना और नियंत्रित करना शामिल है। इसलिए अब ऐसे क्षेत्र में बिना ग्राम सभा की अनुमति के कोई भी बड़े फैसले नहीं लिए जा सकते। ज्ञात हो कि पेसा क्षेत्र में शामिल गांव वनांचल में आते हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्र में जमीन की खरीदी.बिक्री कम होती है। साथ ही औद्योगिक विकास के लिए भी जमीन अधिग्रहण के साथ दूसरी औपचारिकताएं पूरी करनी जरूरी होती हैं।

### कितनी जमीनें शामिल होंगी कोई तय नहीं

धरमजयगढ़ और लैलूंगा संविधान की 5वीं अनुसूची क्षेत्र के तहत पेशा एक्ट लागू है, ऐसे में यहां कितने ग्राम पंचायतों को इस मास्टर प्लान में निवेश क्षेत्र में शामिल किया जाएगा और कितने क्षेत्रफल में होगी। यह अब तक तय नहीं हो सका है। बता दें कि इसमें सड़क कनेक्टिविटी और कई निजी भूमि भी शामिल होने की संभावना है। यानी अभी भी करीब 90 फीसदी काम बचा हुआ है।

### नहीं बन सका प्लान

लैलूंगा और धरमजयगढ़ के विकास के लिए मास्टर प्लान अब तक नहीं बन सका है। अभी इससे संबंधित प्रक्रियाए अन्य विभागों की ओर हमारे पास नहीं आई है। ऐसे में सभी प्रक्रियाएं होने के बाद पेसा एक्ट के अनुसार ग्राम सभा से अनुमति लेनी होगी। इन प्रक्रियाओं में और भी वक्त लग सकता है।

**केएस कंवर**
उपसंचालक
नगर एवं ग्राम निवेश

### एसएसपी की टीम ने लोक सेवा केंद्र व कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थान में मारा छापा

# सुंदर वधु दिलाने के नाम पर ठगी का कारोबार संचालक समेत बारह युवतियां आई पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ शहर में लोक सेवा केन्द्र और कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थान की आड़ में ठगी का कारोबार करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने संचालक सहित 12 युवतियों को पकड़ा है। उनके पास से लैपटॉप और दो दर्जन से अधिक मोबाइल सेट जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक यहां मेट्रोमोनियल साइड्स के माध्यम से सुंदर वधु दिलाने का झांसा देकर युवकों को फांसने और उनसे मनमाने रूपए ऐंठने का काम होता था।

इस संबंध में पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि दोनों केन्द्रों में संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे में कुछ दिनों से पुलिस ने दोनों ही केन्द्रों पर निगरानी रखनी शुरू की। इसी बीच पुलिस को यहां चल रहे अवैध गतिविधियों के सबूत हाथ लगे। इसके बाद सोमवार की दोपहर को एसएसपी शशि मोहन सिंह, सीएसपी मयंक मिश्रा, साइबर थाना प्रभारी विवेक चेलक सहित अमले ने दोनों ही जगहों पर एक साथ छापेमारी की। जब पुलिस निधि परिवहन सुविधा केन्द्र के भीतर दाखिल हुई तो यहां काम करने वाली युवतियां लोगों से फोन पर बात करते रंगे हाथों पकडी गईं। वार्ड नंबर 15 में स्थित इस मकान के भीतर करीब 12 युवतियां काम कर रही थी। ऐसे में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि निधि परिवहन सुविधा केन्द्र के नाम से संचालित इस फर्जी फर्म की आड़ में मेट्रोमोनियल साइड्स संचालित कर रहे थे, जिसमें युवकों के लिए योग्य वधु तलाश करने का भरोसा दिलाकर पहले उनसे न्यूनतम शुल्क लिया जाता था, जिसके बाद शुल्क अदा करने वाले युवक को कॉल कर तरह-तरह की डिमांड करते हुए रकम देने का दबाव बनाया जाता। रकम नहीं देने पर साइबर अरेस्ट कर करने की धमकी दी जाती थी। इस परिवहन केन्द्र के नाम से संचालित कॉल सेंटर के संचालक का नाम कपिल गर्ग बताया जा रहा है। इसी तरह इससे कुछ मीटर की दूरी पर श्रीमती शांतिदेवी सोसायटी ऑफ एज्युकेशन के नाम से प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हिमांशु मेहर नामक युवती संचालित करती है। जानकारी के अनुसार यह दोनों केन्द्र करीब दो सालों से यहां चल रहा है। पुलिस इनकी वेबसाइड्स की भी जांच कर रही है। फिलहाल एसएसपी ने इस मामले की विस्तृत जानकारी साझा करने की बात कही है। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में विस्तृत कार्यवाही की जानी है।





### केंद्र की आईडी एक माह पहले हुई निरस्त

जांच में सामने आया कि संचालक कपिल गर्ग, जिसकी लोक सेवा केंद्र की आईडी एक माह पहले निरस्त हो चुकी थी।गिरोह में शामिल दर्जनों युवतियां फर्जी जीमेल आईडी और मोबाइल नंबर के जरिए यूट्यूब चैनल बनाकर नकली प्रोफाइल और वीडियो अपलोड करती थीं। इन प्रोफाइल्स के जरिए लोगों को शादी के प्रस्ताव दिए जाते और फिर रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर यूपीआई से पैसे वसूले जाते थे। ठगी का सिलसिला यहीं नहीं रुकता था, जब तक पीड़ित पैसे देता रहता, उसे झांसे में रखा जाताए और अंत में यह कहकर संपर्क खत्म कर दिया जाता कि लड़की को रिश्ता पसंद नहीं है।

### कार्रवाई की गई

परिवहन सुविधा केन्द्र और कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र के नाम से संचालित आनलाइन ठगी के गिरोह पर कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में संचालित व उसकी पार्टनर सहित 12 युवतियों को पकड़ा गया है। साथ ही दो दर्जन से अधिक मोबाइल व लैपटॉप बरामद, कई सिम कार्ड, फर्जी सील आदि बरामद किया गया है।

**शशिमोहन सिंह**
एसएसपी, रायगढ़

### फर्जी सील भी बरामद

फर्जी लोक सेवा केन्द्र में परिवहन विभाग सहित कई विभाग और जिला अधिकारियों के नाम से सील भी बरामद किया गया है। केंद्र का संचालक कपिल गर्ग के पास से कई दस्तावेज भी मिल हैं। ऐसे में पुलिस इन दस्तावेजों को खंगाल रही हैं। यहां कई आधार कार्ड व मोबाइल सिम आदि भी बरामद किया गया है।

### छोटे रकम से शुरुआत

बताया जा रहा है कि लोक सेवा केन्द्र और कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थान की आड़ लेकर यहां कार्यरत युवतियां पहले सुंदर वधु दिलाने और उनके परिवार से मिलवाने तथा युवती से बात कराने वादा करते हुए एक न्यूनतम शुल्क जमा करने को कहती थी, जिसके बाद शुल्क की रकम बढ़ते जाती थी।

### संपर्क बढ़ाने गुगल पर नंबर

मेट्रोमोनियल साइड्स में दिए गए नंबरों से वधु की तलाश कर रहे युवक इनसें संपर्क करते थे। तब कॉल सेंटर में काम करने वाली युवतियों द्वारा संपर्क करने वाले युवकों को कई लकड़ियों की फोटो दिखाकर उनसें संपर्क कराने की बात कहती थी।

### 80 चालान काटे, हुक्का सर्विस पर भी कसा शिकंजा

**रायगढ़।** सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और तंबाकू के अवैध इस्तेमाल के खिलाफ रायगढ़ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत पूरे जिले में एक साथ सघन अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने बस स्टैंड, बाजार, अस्पताल और सरकारी कार्यालयों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान न सिर्फ सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करने वालों पर जुर्माना लगाया गया, बल्कि तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। अभियान के तहत तमनार में 27 मामलों में 5,400 रुपए धरमजयगढ़ में 17 मामलों में 3,400 रुपए लैलूंगा में 16 मामलों में 3,200 रुपए छाल में 11 मामलों में 2,200 रुपए कापू में 7 मामलों में 1,400 रुपए और कोतरारोड़ में 2 मामलों में 600 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कुल मिलाकर 80 मामलों में 16,200 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। साइबर और चक्रधरनगर पुलिस ने सम्बलपुरी रोड स्थित एक गार्डन रेस्टोरेंट में छापा मारा और मैनेजर चंदन कुमार पत्रो को मौके पर पकड़ा। पुलिस ने हुक्का पॉट, सेंटर बेस, फ्लेवर तंबाकू पैकेट और पाइप सहित करीब 8 हजार रुपए का सामान जब्त किया। आरोपी के खिलाफ कोटपा एक्ट की धारा 5/22 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## दूसरी पत्नी की हत्या, आरोपी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डंडे से पीट-पीटकर एक शख्स ने अपनी दूसरी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। कोर्ट ने इस मामले में उसे आजीवन कारावास से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जगालमौहा में आरोपी प्रेम साय एक्का 65 साल ने अपनी दूसरी पत्नी इन्द्रो बाई की डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई है। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया और विवेचना शुरु की। विवेचना उपरांत आरोप न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा के न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने आरोपी प्रेमसाय एक्का को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 1 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पैरवी की।

# धरमजयगढ़ वन क्षेत्र में घूम रहा हाथियों का दल, दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन क्षेत्र में सौ से अधिक हाथी अलग अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। जिससे दहशत का माहौल बना हुआ है। रविवार को दंतैल ने दर्जन भर किसानों के फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में रविवार की शाम एक दंतैल हाथी को रायगढ़-धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग में सड़क पार करते देखा गया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ काफी देर तक वाहनों के पहिए थम गए।



बीती रात हाथियों के दल ने 11 किसानों के फसल को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान के आकलन में जुट गई है। बताया जाता है कि रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में 120 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के दल में 32 नर, 62 मादा के अलावा 26 शावक शामिल है। सबसे अधिक हाथी धरमजयगढ़ रेंज के आमगांव में 34, छाल में 31, बोजिया में 13, लैलूंगा के बगुडेगा में 13, बासयी में 10 के अलावा अलग-अलग रेंज में हाथियों की मौजूदगी है। रविवार की शाम 5 बजे आमगांव बीट के जुनापाली जंगल के आरएफ 368 से एक हाथी को रायगढ़-धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग को पार करते देखा गया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ काफी देर तक वाहनों के पहिये थमे रहे। मौके पर

### बोजिया में दिखा 13 हाथियों का दल

बोजिया परिसर के झुनगाबेवरा नामक जंगल में 13 हाथियों के दल को विचरण करते हुए भी देखा गया है। वन विभाग एवं हाथी मित्र दल की टीम हाथियों के दल पर निगरानी बनाए हुए है। वन विभाग की टीम ने आसपास के ग्रामीणों को बोजिया, औरानारा, पक्की मार्ग गडाईनबहरी से औरानारा कच्ची मार्ग पर सावधानीपूर्वक आवागमन करने की अपील की गई है।

### औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कार्यालय के सामने किया विरोध प्रदर्शन

# उद्योगों में लगातार हादसे को लेकर कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के उद्योगों में लगातार हो रहे हादसों और सुरक्षा नियमों की अनदेखी के खिलाफ सोमवार को एनएसयूआई और युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैंए जिनमें श्रमिकों की जान जा रही है, लेकिन हर बार मुआवजा देकर मामले को दबा दिया जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पहले से सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। इस दौरान हाल ही में रूपाणाधाम स्टील प्राइवेट लिमिटेड में श्रमिक दीपक चौहान की मौत का मामला भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह घटना उद्योगों में सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर करती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि समय.समय पर जांच, सेफ्टी ऑडिट और जिम्मेदार अधिकारियों व प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई होती, तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता था। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि जिले के सभी बड़े उद्योगों की संयुक्त सुरक्षा समीक्षा बैठक जल्द बुलाई जाएगी। इसमें सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, कार्यस्थल के नियम, निरीक्षण व्यवस्था, दुर्घटनाओं की रोकथाम और प्रबंधन की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही हाल में हुई घटनाओं विशेषकर रूपाणाधाम मामले की तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही गई। आश्वासन के बाद युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन समाप्त कर दिया।




## नगर निगम की बैठक में फोरलेन सड़क विद्युतीकरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**रायगढ़।** नगर पालिक निगम रायगढ़ में सोमवार को वार्ड समिति क्रमांक 01 एवं 02 की बैठक हुई। बैठक में उर्दना चौक से सर्किट हाउस चौक तक विद्युतीकरण सहित फोरलेन सड़क निर्माण एवं शहर के समग्र विकास एवं कौहाकुंडा क्षेत्र में विद्युत विस्तार के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में उर्दना चौक से सर्किट हाउस चौक तक लगभग 3.50 किलोमीटर लंबी सड़क को फोरलेन में विकसित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस परियोजना में आधुनिक विद्युतीकरण कार्य भी शामिल है। यह कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में सम्मिलित है। आवश्यक वन भूमि के व्यपवर्तन हेतु वार्ड सभा से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु इस प्रस्ताव को वार्ड समिति के समक्ष रखा गया। इसी तरह दोपहर 3 बजे से वार्ड समिति क्रमांक 02 की बैठक हुई, जिसमें ग्राम कौहाकुण्डा स्थित राजस्व वन भूमि खसरा क्रमांक 67 के 900 वर्गमीटर क्षेत्र में विद्युत लाइन विस्तार के लिए भूमि व्यपवर्तन प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इस कार्य से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। बताया गया कि यह कार्य पहाड़ मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य को एक नई दिशा और क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक होगा, जहां आने वाले समय में 20 फिट का बेस और 31 फिट का धातु से बनी भगवान श्री हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि रायगढ़ का सर्वांगीण विकास ही शहर सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। फोर लेन सड़क से जान यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम रनई निवासी स्व. लगनू राम का पेड़ का डगाल टूटकर सिर पर गिरने से 18 मई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पुत्र परमेश्वर राम हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला चिकित्सालय का ड्रेसर निलंबित

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला चिकित्सालय के ड्रेसर किशोर कुमार चौहान को चिकित्सा प्रतिपूर्ति पास किए जाने के एवज में रुपए लिए जाने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में श्री चौहान का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव निर्धारित किया गया है। उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। विदित हो कि 9 अप्रैल को सोशल मीडिया में चिकित्सा प्रतिपूर्ति पास किए जाने के एवज में ड्रेसर किशोर कुमार चौहान के द्वारा रुपए लिए जाने के संबंध में स्पष्ट विडियो सहित समाचार प्रसारित हो हुए हैं, जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत और गंभीर कदाचरण श्रेणी में आता है। उक्त कृत्य के लिए सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण, अपील) नियम 1966 के नियम -9 के तहत किशोर कुमार चौहान, ड्रेसर, जिला चिकित्सालय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक 18 को

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत एवं पदेन अध्यक्ष, सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 18 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में न्यास अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने शासी परिषद के सभी सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने आह्वान किया है।

### विभागीय परीक्षा हेतु आवेदन तिथि 30 जून तक

**अम्बिकापुर।** आयुक्त कार्यालय सरगुजा संभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि विभागीय परीक्षा माह अगस्त 2026 के आयोजन संबंधी सूचना एवं कार्यक्रम प्राप्त हो गए हैं। इस संबंध में संभाग अंतर्गत सभी जिलों के संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशानुसार, विभिन्न विभागीय परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची 30 जून तक अनिवार्य रूप से आयुक्त कार्यालय में भेजी जानी है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त सूची पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के जाति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि भी सूची के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ठाकुरमुड़ा में अखण्ड श्री विष्णु नाम महायज्ञ का समापन

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरमुड़ा में आयोजित तीन दिवसीय भव्य अखण्ड श्री विष्णु नाम महायज्ञ (अष्टप्रहरी)' का समापन रविवार को पूर्णाहूति और महाप्रसाद वितरण के साथ अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में हुआ। विश्व शांति और जगत कल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस अनुष्ठान में न केवल स्थानीय ग्रामीणों ने, बल्कि क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लिया। जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार, 10 अप्रैल को कलश स्थापना और अधिवास के साथ हुई थी। शनिवार को नामोच्चारण प्रारंभ हुआ, जिससे पूरा क्षेत्र 'हरे राम, हरे कृष्ण' के महामंत्र से गुंजायमान रहा। रविवार, 12 अप्रैल को यज्ञ की पूर्णाहूति दी गई, जिसके बाद विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया।

रक्त संग्रह व सुरक्षित भंडारण की भी व्यवस्था नहीं

# कुनकुरी में ब्लड बैंक की कमी मरीजों की जान पर बन रही आफत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी में स्वास्थ्य सुविधाओं की जमीनी हकीकत चिंताजनक बनी हुई है। क्षेत्र में एक शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित तीन निजी अस्पताल संचालित हैं, जो संसाधनों की दृष्टि से सक्षम माने जाते हैं, लेकिन सबसे बड़ी कमी ब्लड बैंक और ब्लड स्टोरेज यूनिट की है।स्थिति यह है कि कुनकुरी में न तो रक्त संग्रह की समुचित व्यवस्था है और न ही रक्त के सुरक्षित भंडारण की सुविधा उपलब्ध है। इसके कारण रक्तदाताओं और मरीजों के परिजनों को मजबूरन जिला अस्पताल जशपुर जाना पड़ता है, जहां भी उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आपातकालीन स्थिति में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है। कई मामलों में ब्लड लाने में देरी के चलते मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

### सिजेरियन और बड़े ऑपरेशन में बढ़ी चिंता

विशेष रूप से सिजेरियन डिलीवरी (ऑपरेशन से प्रसव) और अन्य बड़े ऑपरेशन के दौरान मरीजों को तत्काल ब्लड की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में कुनकुरी में ब्लड की अनुपलब्धता के कारण गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों की चिंता कई गुना बढ़ जाती है। समय पर रक्त नहीं मिलने से मां और नवजात दोनों की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगता है, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।




### जनता में आक्रोश, ब्लड बैंक की मांग तेज

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि कुनकुरी में तत्काल ब्लड बैंक या कम से कम ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना की जाए, ताकि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कब तक ध्यान देते हैं और आम जनता को राहत कब तक मिल पाती है।

### निजी अस्पताल भी असहाय

कुनकुरी के निजी अस्पतालों ने भी अपनी मजबूरी जाहिर की है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि ब्लड बैंक खोलने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित कड़े नियम और शर्तों के कारण वे चाहकर भी यह सुविधा शुरू नहीं कर पा रहे हैं।

### ब्लड की गुणवत्ता को लेकर भी विवाद

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि जशपुर ब्लड बैंक में रक्तदान करने के बाद उन्हें जो ब्लड दिया जाता है, वह कई बार ₹पुराना ब्लड₹ के रूप में होता है, जिसे कुनकुरी के कुछ अस्पताल स्वीकार नहीं करते। इससे मरीजों के इलाज में और देरी होती है तथा परिजनों को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

## जशपुर में 2 सरपंच व 25 पंच पदों पर होगा उपचुनाव




**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों के उपचुनाव हेतु विस्तृत कार्यक्रम जारी किए गए थे। इसके अंतर्गत जशपुर जिले में भी पंचायत स्तर पर रिक्त पदों के लिए उपचुनाव कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

■ मतदाता सूची का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

जिले में 2 सरपंच एवं 25 पंच पदों पर उपचुनाव कराया जाएगा। इस संबंध में द्वितीय चरण में 13 अप्रैल 2026 को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिओम द्विवेदी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 42 तथा पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग द्वारा उप निर्वाचन 2026 हेतु विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने से लेकर अंतिम प्रकाशन तक की समय-सारणी निर्धारित की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रथम चरण में 23 मार्च 2026 तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति, प्रशिक्षण एवं प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण की गईं। इसके पश्चात विधानसभा की अद्यतन मतदाता सूची प्राप्त कर उसे वार्डवार विभाजित करते हुए आवश्यक संशोधन एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से अद्यतन किया गया। मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के उपरांत आम नागरिकों से दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है ।

## जनदर्शन में सुनी गई जनसामान्य की समस्याएं

**रायगढ़।** जिला कलेक्टोरेट में सोमवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएंए मांगें और शिकायतें लेकर पहुंचे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने आमजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित जांच एवं निराकरण के सख्त निर्देश दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड बनवाने, चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, श्रमिक योजनाओं सहित अनेक विषयों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रकरणों का समय.सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जाए।

■ प्राप्त आवदेनों के त्वरित निराकरण के दिए गए निर्देश

जनदर्शन के दौरान गौशाला पारा रायगढ़ निवासी शालिनी सिंह ने वार्ड क्रमांक 14 स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने सूख चुके बरगद के पेड़ को हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि पेड़ कभी भी गिर सकता है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर कलेक्टर ने तत्काल निगम आयुक्त को निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह जनपद पंचायत पुसौर अंतर्गत ग्राम पुसल्दा निवासी करमुराम भोय ने भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की द्वितीय किश्त की राशि अब तक प्राप्त न होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पात्र होने के बावजूद उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्रकरण की जांच कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील लैलूंगा के ग्राम मड़यि कछार निवासी कुलेश्वर प्रसाद राठिया ने अपने पुत्र की सर्पदंश से हुई आकस्मिक मृत्यु के मामले में आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। मधुबन पारा रायगढ़ के सेवानिवृत्त कर्मचारी किशोर कुमार थवाईत ने लंबित अंतिम भुगतान दिलाए जाने की मांग रखी। वहीं ग्राम पंचायत बिंजकोट के ग्रामीणों ने जॉब कार्ड बनाए जाने तथा चेक डेम निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि नए परिवारों के लिए जॉब कार्ड बनना अत्यंत आवश्यक हैए जिससे उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। साथ ही चेक डेम निर्माण से सिंचाई सुविधा बेहतर होगी और गांव में रोजगार सृजन भी संभव हो सकेगा। ग्रामीणों ने यह भी अवगत कराया कि चेक डेम निर्माण का प्रस्ताव पूर्व में जनचौपाल के माध्यम से भेजा जा चुका है और प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु जिला पंचायत को भेजा गया हैए किंतु अभी तक कार्य लंबित है। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को प्रकरण की समीक्षा कर शीघ्र स्वीकृति एवं कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और मौके पर ही कई मामलों में त्वरित कार्रवाई भी की गई।

## वित्त मंत्री श्री चौधरी ने पुसौर में लाइब्रेरी, पुष्पवाटिका एवं तालाब सौंदर्यीकरण कार्यों का किया निरीक्षण




**रायगढ़।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने पुसौर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन, पुष्पवाटिका उद्यान, चंदन तालाब सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती हैए तो संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

■ समीक्षा बैठक में प्रगति का किया गहन मूल्यांकन, अधिकारियों को दिए निर्देश

इसके बाद वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना सर्वोच्च प्राथमिकता हैए ताकि आमजन को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। बैठक में उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से ही क्षेत्र का समग्र एवं संतुलित विकास संभव है। साथ ही उन्होंने पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों से सकारात्मक सहयोग प्रदान करने तथा विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

ज्ञात हो कि नगर पंचायत पुसौर में पुष्पवाटिका उद्यान निर्माण हेतु लगभग 2 करोड़ 92 लाख 40 हजार रुपए बोरोडीपा चौक से कॉलेज तक बीटी रोड एवं नाली निर्माण के लिए 4 करोड़ 8 लाख रुपए चंदन तालाब के सौंदर्यकरण के लिए 2 करोड़ 10 लाख 40 हजार रुपए तथा लाइब्रेरी भवन निर्माण के लिए लगभग 99.12 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त तेलीतार तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य भी प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र की सौंदर्य वृद्धि के साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## 11 बसों के संचालन से आवागमन आसान, समय व पैसे की बचत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 के तहत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। योजना अंतर्गत जिले में कुल 11 बसों का संचालन किया जा रहा है। जिससे दूरस्थ गांवों में रहने वाले लोगों को अब सुगम, सुरक्षित और किफायती आवागमन की सुविधा मिल रही है। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये बसें जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर संचालित हो रही हैं। इनमें कैलाशगुफा से बगीचा, सन्ना से चम्पा, कोतबा से बुलडेगा, तेलाईन से फरसाबहार, रनपुर से कांसाबेल, दोकड़ा से दुलदुला, जशपुर से हर्री , जशपुर से बिचीटोली, जूनाडीह से बासनतला, पत्थलगांव से नारायणपुर तथा दुलदुला से अबिरा जैसे महत्वपूर्ण रूट शामिल हैं। इन बसों के संचालन से ग्रामीण अंचलों के लोगों को अब कम खर्च में सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल रहा है।

## खरकट्टा के पास अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर

**जशपुरनगर।** जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकट्टा में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। आवास निर्माण की सामग्री लेकर जा रहा एक ट्रैक्टर लाल माटी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंद्रपुर निवासी एक व्यक्ति अपने निजी आवास निर्माण के लिए पत्थलगांव से छड़, सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री ट्रैक्टर में लोड करवाकर घर ले जा रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर खरकट्टा के समीप लाल माटी मोड़ पर पहुंचा, चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। ढलान और मोड़ होने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा काफी डरावना था, लेकिन ट्रैक्टर पलटने के बावजूद उसमें सवार मजदूर और ड्राइवर को खरोंच तक नहीं आई। सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, सड़क के बीचों-बीच ट्रैक्टर और निर्माण सामग्री बिखर जाने के कारण मार्ग पर आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित रही मोड़ पर ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया था। शुक्र है कि उस वक्त सामने से कोई दूसरा वाहन नहीं आ रहा था और ट्रैक्टर पर सवार लोग समय रहते कूद गए, जिससे कोई घायल नहीं हुआ।स्थानीय ग्रामीणों की मदद से मार्ग को बहाल करने के प्रयास किए गए। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रभावित पक्ष द्वारा सामग्री को दूसरे वाहन में शिफ्ट करने की व्यवस्था की गई।

## अवैध अतिक्रमण पर वन विभाग की कार्रवाई

**जशपुरनगर।** वन परिक्षेत्र सन्ना अंतर्गत वन कक्ष क्रमांक पी-111 में ग्राम सुलेसा के कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से वन भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार दयानंद यादव, रमेश यादव, कुमार यादव एवं मिथलेश यादव, निवासी ग्राम सुलेसा द्वारा उक्त वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था। संबंधित व्यक्तियों को पूर्व में वन विभाग द्वारा लिखित एवं मौखिक रूप से अतिक्रमण हटाने हेतु समझाइश दी गई थी, किन्तु उनके द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया गया। उक्त परिस्थिति में 12 अप्रैल 2026 को वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुमार यादव, पिता धुनुर यादव, जाति आहीर, निवासी - सुलेसा द्वारा वन भूमि पर अवैध रूप से मकान निर्माण किया जा रहा था। विभाग द्वारा तत्काल हस्तक्षेप करते हुए समझाइश के साथ निर्माण कार्य रुकवा कर स्थल को वन विभाग के कब्जे में लेकर भूमि को रिक्त कराया गया। इसके अतिरिक्त उसी कक्ष क्रमांक में श्री दयानंद यादव, रमेश यादव एवं श्री मिथलेश यादव द्वारा अतिक्रमण की मंशा से मिट्टी डाली गई थी। उक्त मिट्टी को विधिवत रूप से ग्राम पंचायत सुलेसा के सरपंच को सुपुर्द किया गया है। साथ ही उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उक्त मिट्टी के भौतिक स्वरूप में किसी भी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए तथा यथास्थिति बनाए रखी जाए। वन विभाग द्वारा संबंधित सभी व्यक्तियों को सख्त चेतावनी दी गई है ।

किसानों की आमदनी में हुई वृद्धि

# पिछले दो वर्षों में 21119 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की नीतियों एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जशपुर जिला आज मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। मत्स्य उत्पादन न केवल पोषण सुरक्षा का माध्यम है, बल्कि यह बड़े पैमाने पर ग्रामीण रोजगार सृजन का भी एक सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रदेश में मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने हेतु शासन द्वारा निरंतर नवाचारों को अपनाया जा रहा है।

किसानों को आधुनिक तकनीकों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उन्हें अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। इन प्रयासों से मत्स्य उत्पादक किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर हैं। अप्रैल 2024 से 9 मई 2026 तक मत्स्य उत्पादन नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए है, बल्कि मत्स्य उत्पादकों की आमदनी में इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी



मजबूती मिली है। इन वर्षों में जिले में मत्स्य बीज स्पॉन उत्पादन 18.50 करोड़, मत्सय बीज स्टे.फ्राय उत्पादन 2.55 करोड़ तथा मत्स्य बीज संचयन 2.94 करोड़ तक पहुंच गया है। जिले में कुल 21119 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन दर्ज किया गया। ग्रामीण स्तर पर मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु लगभग 80 हेक्टेयर ग्रामीण तालाबों व जलाशयों का पट्टा आबंटन किया गया। साथ ही 19 मछुआ सहकारी समितियों को शासन द्वारा नवीन योजना के अंतर्गत अनुदान स्वीकृत किया गया। मछुआरों के सामाजिक सुरक्षा के लिए 13989 हितग्राहियों को मत्स्यजीवी दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभान्वित किया गया है। वहीं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 63 हितग्राहियों द्वारा मौसमी तालाबों में मत्स्य बीज संवर्धन का लाभ दिया गया है। साथ ही सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग लगभग 800 लाभार्थियों ने 50 प्रतिशत अनुदान पर फिंगरलिंग क्रय कर संचयन कार्य किया है। सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 712 हितग्राहियों को नाव-जाल वितरण और 335 लाभार्थियों को फुटकर मछली विक्रय योजना के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। इसी प्रकार से झींगा पालन के क्षेत्र में भी 110 इकाइयों की स्थापना से मत्स्य व्यवसाय में विविधता आई है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिला बल प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य पालन क्षेत्र में नीली क्रांति लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य देश में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करना, मत्स्य निर्यात को दोगुना करना तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करना है।

## विकासखंड मुख्यालय का आत्मानंद स्कूल होगा परीक्षा केंद्र

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। आवेदन जमा करने के पश्चात विद्यार्थियों को उनके नजदीकी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में परीक्षा केंद्र आवंटित होगा। जिले के विभिन्न विकासखंडों में परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिन आवेदकों ने पूर्व में कक्षा 9 वीं एवं कक्षा 11 वीं के लिए आवेदन जमा किया है उनका और जो आवेदक वर्तमान में आवेदन जमा कर रहे है का निम्नानुसार परीक्षा केन्द्र होगा।




संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर और विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जशपुर में आवेदन जमा करने वाले विद्यार्थियों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर परीक्षा केंद्र आबंटित होगा। इसी प्रकार संकल्प पत्थलगांव और बीईओ कार्यालय पत्थलगांव में आवेदन करने वालों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पत्थलगांव तथा संकल्प कुनकुरी और बीईओ कार्यालय कुनकुरी में जमा करने वालो को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी परीक्षा केंद्र आबंटित होगा। शेष सभी विकासखंडो में जहां विद्यार्थियों ने आवेदन जमा किया है, उन्हें उसी विकासखंड के नज़दीकी स्वामी आत्मानंद विद्यालय में परीक्षा केंद्र आबंटित होगा। शेष विकासखंडो में जो परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं ।

## खबर संक्षेप

### अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर शोभायात्रा आज

**सरसींवा।** नपं सरसींवा में भारत रत्न, संविधान निर्माता और महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजन की तैयारी की गई है। इस दिन विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार 14 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 3 बजे से नगर पंचायत सरसींवा में एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन केवल एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और अधिकारों के प्रति जनजागरण का सशक्त मंच बनने जा रहा है। आयोजक समिति ने बताया कि बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही इस आयोजन का मूल उद्देश्य है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### अंगना म शिक्षा - पढ़ई तिहार का आयोजन



**घरघोड़ा।** एफएलएन अंगना म शिक्षा - पढ़ई तिहार कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला कोगनारा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को उनके घर-आंगन में ही रोचक शिक्षा प्रदान की गई। कार्यक्रम के माध्यम से माताओं को खेल-खेल में पढ़ाई, स्थानीय संसाधनों का उपयोग बच्चों के साथ कैसे करें, यह बताया गया। इस मौके पर प्राथमिक शाला कोगनारा से श्रीमती श्रद्धा शर्मा, प्रधान पाठक अब्दुल रसीद एवं गाँव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### महिलाओं को मिलेगी राजनैतिक ताकत

**रायगढ़।** नारी शक्ति अधिनियम के तहत राजनीति में महिलाओं को मिले 33 प्रतिशत आरक्षण पर प्रतिक्रिया देते हुए महिला मोर्चा जिला महामंत्री रेखा महमियां ने कहा है कि यह अधिनियम राजनीति में महिलाओं को आने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होने इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



### कसडोल में श्रीराम सप्ताह नाम महायज्ञ



**तमनार।** ग्राम कसडोल में श्री राम नाम सप्ताह अखंड महायज्ञ का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ 6 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ हुआ। महायज्ञ में पंडित भवानी मिश्रा, विजय महाराज, मिथलेश महाराज, यजमानगण चम्पा युनामनी पटेल, उमा थानेश्वर साहू, मोनिका किशोर सिदार, प्रेमलता अशोक साहू एवं सैकड़ो महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। श्री राम नाम सप्ताह यज्ञ का देव स्थापना नाम उच्चारण शुभारंभ 7 मार्च को किया गया। आयोजन में कसडोल, जरेकेला, देवगांव, गौरबहरी, सराईपाली, बड़गांव, पंचगांव, गोढ़ी, रेगड़ा, आमाघाट, भालूमार, सलिहारी अन्य दर्जनो गांव के सैकड़ो महिला व पुरुष कीर्तन मंडलियों द्वारा आधुनिक वाद्ययंत्रो के सुमधुर धुनों में नाम संकीर्तन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष विनोद निषाद, चिंतामणि साहू, राजेन्द्र पटेल, अरविंद साहू, ललित साहू, लीलाराम साहू, विद्याधर साहू, रूपेश साहू, खुशीराम साहू, गिरिजाशंकर पटेल, घनश्याम पटेल, उद्धव साहू, प्रकाश साहू, भोजराम साहू, महेश राम साहू, शौक्री लाल साहू, पुष्पेंद्र साहू, हेमसागर साहू सहित ग्रामवासी जुटे रहे।

### 5 ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास कार्यों को मिल रही नई गति : वित्त मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के ग्रामीण अंचलों में अधोसंरचना और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा देते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। गांव चलो अभियान के तहत क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचे वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए लगातार जमीनी स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

इस दौरान ग्राम सूरजगढ़ में लगभग 192.92 लाख रुपए की लागत से निर्मित सूरजगढ़ पड़िगांव से तेलीपाली सड़क का लोकार्पण किया गयाए जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात सरल व सुगम होगा। वहीं ग्राम टिनमिनी में 12 लाख रुपये की लागत से शेड तथा 5.20 लाख रुपये की लागत से विक्रम घर से स्कूल तक सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्रा अंजली सतपति को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत नावापाली में 7.50 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक शेड का लोकार्पण किया गयाए जिससे ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इसी क्रम में पड़िगांव में जगन्नाथ मंदिर के पास 7 लाख रुपए की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण किया गया। साथ ही यहां 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन तथा चौहान मोहल्ला में 10 लाख रुपए की लागत से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। ग्राम गुडू में वार्ड क्रमांक 01 में 10 लाख रुपए की लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण किया गयाए वहीं 10.40 लाख रुपये की लागत से बनने वाली एक अन्य सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने टिनमिनी सहित अन्य गांवों में गांव चलो अभियान के तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इन कार्यों से न केवल बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्राम के सरपंच, संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री चौधरी एवं उपस्थित जन।

# हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

जंगली सुअर का मांस खाने को लेकर हुआ था विवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने दो आरोपियों को आजीवन कारवास और जुर्माने से दंडित किया है। मामला धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत सकरलिया गांव है। जहां जंगली सुअर का मांस खाने की बात पर हुए विवाद में दो लोगों ने एक व्यक्ति की जान ले ली थी।

न्यायालीयन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सकरलिया में आरोपी रत्थू राम राठिया एवं सीताराम राठिया का श्याम लाल राठिया से जंगली सुअर का मांस खाने की बात को लेकर विवाद हो गया। वे उसे गाली गलौच करने लगे बात बढ़ने पर उन्होंने डंडे से उस पर संघातिक वार कर दिए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल श्यामलाल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। विवेचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां संपूर्ण साक्ष्य और गवाहों के बयान उपरांत दोष सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने आरोपी रत्थूराम राठिया और सीताराम राठिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 1000-1000 के अर्थ दण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया। प्रकरण की पैरवी अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने की।

# हर्षोल्लास के साथ मना स्थापना दिवस समारोह, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**चंद्रपुर।** सर्वोदय पब्लिक स्कूल, हीरापुर चंद्रपुर में सोमवार को 12वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। काय्रक्रम मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम अग्रवाल उपस्थित रहे। उनके साथ संचालक मनोज अग्रवाल, किशोर अग्रवाल एवं सुश्री वंशिता अग्रवाल मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कहा कि 13 अप्रैल 2014 को विद्यालय की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार और ज्ञान का प्रकाश फैलाने के उद्देश्य से शुरू हुआ यह संस्थान आज 12 वर्षों में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।

■ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मोहा सबका मन

स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें नृत्य, कुर्सी दौड़, गुब्बारा बैलेंस तथा विभिन्न राज्यों की संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता शामिल रही। विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा में प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान गत शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकृष्ण पंडा ने बताया कि सर्वोदय पब्लिक स्कूल सीबीएसई, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम विद्यालय है, जहां विज्ञान, गणित और वाणिज्य के साथ इस सत्र से कला संकाय की कक्षाएं भी प्रारंभ हो चुकी हैं। आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य सुरेश यादव ने किया।




### भरत बने भीम आर्मी के जिला प्रभारी



**घरघोड़ा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन छग के संगठन विस्तार के लिए रायपुर टेमरी में 5 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेश सह प्रभारी के कार्यालय में आयोजित किया गया था। जिसमें छग के लगभग सभी संभाग व जिले के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यालय में प्रदेश सह प्रभारी मनोज बंजारे व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश आजाद के नेतृत्व में सर्व सम्मति से रायगढ़ जिला के लिए भरत खडेल को जिला प्रभारी बनाया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ कार्यकर्ता माखन दास व बसंत बहरे को प्रदेश कार्यकारिणी तथा श्रवण कुमार महेश को जशपुर जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

# एनर्जी कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 में हरियाणा की टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा एनर्जी कप 2026 अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम हरियाणा स्पाइकर ने वेस्टर्न रेलवे जबलपुर को सीधे 3-0 से हराकर जीत हासिल की।

बेस्ट-ऑफ-फाइव फॉर्मेट में खेले गए इस फाइनल में, हरियाणा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। पुरस्कार वितरण परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर के मुख्य अतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेरिता महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती रेखा ठाकुर ने की। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों के कप्तानों को चैंपियन और रनरअप ट्रॉफियां प्रदान कीं। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट की मेजबानी एनटीपीसी लारा ने मैत्री नगर में की, और इसका आयोजन छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन एवं जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन, रायगढ़ के सहयोग से किया। देश भर से कुल आठ टीमों ने इसमें हिस्सा लिया, जिन्होंने रोमांचक रैलियों, दमदार स्मैश और बेहतरीन स्पाइक्स का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर केशव चंद्र सिंघा रॉय, हेमंत पावगी परियोजना जाकिर खान, श्रीमती रूपा सिंघा रॉय, उपाध्यक्ष, श्रीमती संध्या मिश्रा, उपाध्यक्ष महावीर सिंह, और वॉलीबॉल एसोसिएशन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## गांव चलो, बस्ती चलो अभियान, जनता के बीच पहुंचे भाजपा नेता




**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर 11अप्रैल को गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों सपोस, लेटसरा, लिटियाडीही, पलसदा, बिरहाभाठा, कलमा और चंद्रपुर नगर में विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला सक्ती के महामंत्री दीपक अग्रवाल और जिला मंत्री रूपा भूपेन्द्र सिंह देव ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों से संवाद किया। अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर तिलेश माली, भुवन पटेल, ओम प्रकाश देवांगन, ललिता पटेल, कविता पुरोहित, बालकृष्ण यादव, आदित्य टीनी कश्यप, खीरसागर यादव, कोमल साहू, तिलक माली, राजेश डनसेना एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# वित्तीय साक्षरता एवं फाइनेंशियल लैब निर्माण पर कार्यशाला

**रायगढ़।** जिले की शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं जीवनोपयोगी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता एवं फाइनेंशियल लैब निर्माण विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया गया। कार्यशाला में जिले की चयनित चार शालाओं में पदस्थ व्याख्याताओं ने सक्रिय सहभागिता की।

प्रशिक्षण के दौरान चेन्नई से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने अत्यंत रोचक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इनमें प्रमुख रूप से साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय, डिजिटल लेन देन की सुरक्षा, बैंकिंग प्रणाली, बचत एवं निवेश के सिद्धांत, स्टॉक मार्केट की मूलभूत जानकारी, बीमा, बजट निर्माण, तथा दैनिक जीवन में वित्तीय निर्णय लेने की समझ शामिल रही। प्रशिक्षकों ने उदाहरणों, खेलों, समूह चर्चा, भूमिका निर्वहन तथा प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से विषय को सरल एवं प्रभावी बनाया, जिससे प्रतिभागियों में विषय के प्रति गहरी रुचि विकसित हुई।



## ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में सरायपाली की टीम बनी विजेता



**कटेली।** सारंगढ़ वेटरन कप ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फायनल मुकाबला सारंगढ़ मध्य सरायपाली के बीच खेला गया। जिसमें सरायपाली की टीम विजयी रही। फायनल मैच में सरायपाली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 148 रन बनाकर सारंगढ़ को 149 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पिछा करते हुए सारंगढ़ टीम 9 विकेट के नुकसान पर 16 ओवर में 140 रन बनाकर सिमट गई। विजय टीम को अध्यक्ष संतोष पांडे, जिला पंचायत सदस्य बिनोद भारद्वाज, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामनाथ सिदार, पीटी आई जिला अध्यक्ष फकीरा यादव द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर क्रिकेट कोच त्रिलोक मैत्री, मण्डल अध्यक्ष राजू यादव, मंडल अध्यक्ष अश्वनी चंद्रा, गोलू चंद्रा सहित सारंगढ़ वेटरन खिलाड़ीगण, सरायपाली वेटरन खिलाड़ीगण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की समीक्षा बैठक, संगठन की मजूबती व जनमुद्दों पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ ग्रामीण की समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और जनमुद्दो पर रणनीति बनाई गई। साथ ही बूथ व पंचायत स्तर पर कमेटी गठन की समय सीमा निर्धारित की गई।

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में महत्वपूर्ण संगठनात्मक समीक्षात्मक चर्चा हुई। बैठक में जिले भर से ब्लॉक अध्यक्ष प्रभारी और सह प्रभारी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। ब्लॉक और मंडल समितियों की सक्रियता, उनके कार्यों की प्रगति तथा आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। नेतृत्व में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने, निष्क्रिय इकाइयों को सक्रिय करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान पंचायत, सेक्टर और बूथ तथा पंचायत समितियों के गठन एवं पुनर्गठन को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई। सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अपने क्षेत्रों में संगठन विस्तार को प्राथमिकता देते हुए 15 अप्रैल तक बूथ एवं पंचायत कमेटियों का गठन पूर्ण करें। बैठक में जनहित से जुड़े मुद्दों बिजली व्यवस्था, शिक्षा, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर भी गंभीर मंथन किया गया। इन मुद्दों को लेकर आगामी दिनों में जनआंदोलन, धरना प्रदर्शन और जनसंपर्क अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया, ताकि आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जा सके। बैठक में जिला अध्यक्ष नगेंद्र नेगी, लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार, प्रदेश प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री दीपक मंडल, कोषाध्यक्ष किरण पंडा, उपाध्यक्ष सत्यदेव गुप्ता, युसूफ छाया, विजय शर्मा, महामंत्री ठंडा राम बेहरा, योगेन्द्र यादव, बिहारी पटेल, मनीष शर्मा, बबलू साहू, अवध पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष शिव शर्मा, ऋतुराज सिंह ठाकुर, नरेश तिवारी, प्रभारी अध्यक्ष नरसिंह साहू, कुंज बिहारी सिदार, सोनू पुरोहित, ताराचंद गुप्ता, देवेंद्र सिदार, रोशन लाल पंडा, धनेश्वर साहू सहित जिला कांग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।




## नारी शक्ति वंदन अधिनियम, राजनीति में नए युग की शुरूआत : गोमती

**रायगढ़।** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियमए एक नए युग की दस्तक है। महिला आरक्षण से राजनीति में भी महिलाओं का वर्चस्व स्थापित होगा। ईमानदारी से घर परिवार चलाने वाली महिलाएं राजनीति में स्थान सुनिश्चित होने से अब ईमानदारी से देश चलाएगी।

मौजूदा स्थिति में महिलाओं की भागीदारी 16 प्रतिशत है जो इस अधिनियम के लागू होने के बाद 33 प्रतिशत जो जाएगी। जिससे लोकसभा राज्यसभा और विधान सभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। गोमती साय ने कहा जैसे शक्ति के बिना शिव अधूरे थे और सृष्टि के संचालन में कठिनाई थी इसे मातृ शक्ति स्वरूपा सती पार्वती के सहयोग से दूर किया गया। इस विधेयक के लिए सभी महिलाओं की ओर से गोमती साय ने प्रधान मंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। जशपुर विधायक राय मुनि भगत ने कहा तीन दशकों से यह विधेयक लंबित रहा लेकिन इच्छा शक्ति के अभाव की वजह से यह पास नहीं हो पाया। मोदी जी की दृढ़ इच्छा शक्ति की वजह से तीन दशकों से लंबित बिल संसद के नए भवन से पास हो पाया।



